Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 02-07-2022 अंक 272

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# उन्नत नस्ल के बीज उपयोग कर बढ़ा सकते हैं उत्पादन क्षमता : मनोज रजक

## रानीचूवां पंचायत के कुटमा एवं पीपराटांड़ में सैकड़ों लाभुकों के बीच वितरण किया गया धान का बीज

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




हाइब्रिड धान बीज का वितरण करते प्रमुख मनोज रजक

बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुवा पंचायत के कुटमा एवं पीपराटांड़ में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा के सौजन्य से सैकड़ों गरीब लाभुको के बीच निःशुल्क प्रति किसान 10 किलो हाइब्रिड धान बीज का वितरण किया गया। धान बीज का वितरण बतौर मुख्य अतिथि बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ प्रियरंजन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। वैज्ञानिकों ने किसानो से धान की खेती में हो रही परेशानी को जाना तथा किसानो की समस्या से अवगत होकर कहा की धान की खेती में कच्चा गोबर का प्रयोग न करे। कच्चा गोबर का प्रयोग करने से कीड़ा लगने की संभावना बढ़ जाती है। जिससे धान का उपज सही मात्रा में नही हो पाता है। साथ ही साथ उन्होंने सभी किसानों से अपील किया की रसायनिक खाद का ज्यादा उपयोग नहीं करे और धान रोपने से पहले खेत में जिंक सल्फेट का छिड़काव अवश्य करे। प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने लाभुको को संबोधित करते हुए कहा की बेहतर तरीके से खेती कर आप अपना फसल उत्पादन क्षमता बढ़ा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि उन्नत खेती के लिए उन्नत बीज लगाया जाए। आगे भी इसी तरह कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षित करवाया जायेगा। ताकि आप अपने परिवार को सुखी और समृद्ध बना सके। लाभुको में हरिलाल हांसदा, तालो हांसदा, सहदेव किस्कू, मोहन, सानू, बसंती देवी, रामचंद्र हांसदा, विनोद हांसदा, सुनील हांसदा, श्यामसुंदर हंसदा, नरेश हंसदा, उमेश हांसदा,सोहन हंसदा, प्रभु किस्कू सहित कई अन्य लाभुक शामिल है। मौके पर समाजसेवी रमेश ठाकुर,पंसस प्रतिनिधि मोती लाल सोरेन, युवा समाजसेवी मनोहर यादव, बरसोत पंसस प्रतिनिधि सुजीत कुमार, कपिल कुमार, राजेंद्र यादव सहित दर्जनों अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए संसाधन मुहैया करा रही सरकार : विजय यादव

## उमवि मलकोको में 320 बच्चों को बैग, पुस्तक एव ग्रेड कार्ड का वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



उत्क्रमित मध्य विद्यालय मलकोको में कार्यक्रम आयोजित कर 320 बच्चों को बैग, पुस्तक एव वार्षिक मूल्यांकन ग्रेड कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शंकर दास ने किया। वितरण कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पंचायत मुखिया विजय यादव मुख्य रूप से शामिल होकर अपने हाथों से बच्चों को स्कूल बैग, पुस्तक सेट एव ग्रेड कार्ड सौपा। इस अवसर पर मुखिया विजय यादव ने कहा कि झारखण्ड सरकार बच्चो के शैक्षणिक विकास को लेकर संकल्पित है। यही वजह है कि सरकार प्रत्येक बच्चा को हर तरह के शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध करा रही है। बच्चों को हर सुविधा उपलब्ध कराकर निःशुल्क शिक्षा मुहैया करा रही है। उन्होंने शिक्षकों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप शिक्षकगण बच्चों के भविष्य निर्माता होते है। इस वजह से आपलोगों को जितना संभव हो पाए उतना शिक्षा दान देनी चाहिए। शिक्षा ही हर समस्या का समाधान है। मौके पर प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार, गणेश दास,लक्ष्मण दास, महेंद्र दास,मौलाना हैदर, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शंकर रविदास सहित कई लोग मौजूद थे।

# प्रेम प्रसंग में युवक की गयी जान

## परिजनो ने लगाया हत्या का आरोप,




**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा बरवां निवासी एक युवक की लाश बरकट्ठा थाना क्षेत्र के गंगपाचो स्थित एक कुएं से मिली मामला बरकट्ठा थाना क्षेत्र के गंगपचो के नायक टोला की है. ग्रामीणों के सूचना पर पुलिस ने कुए से शव को बरामद किया है. मृतक की शिनाख्त 18 वर्षीय संजय शर्मा पिता रीतलाल ठाकुर बरवां के रूप में हुई है. परिजनों का आरोप है की पीट पीटकर उसकी हत्या कर शव को कुए में फेंका गया है. मामले पर मृतक के पिता ने बताया कि संजय 30 जून को देर शाम अपने घर बरवां से एक जन्म दिन की पार्टी मनाने को लेकर निकला था. गांव के ही दो दोस्तों के साथ रात्रि तक घर नही पहुंचा. 1 जून को सुबह से परिवर वालो के घर तक फोन से पता किया लेकिन पता नही चला. रात्रि में ही बरकट्ठा थाना को आवेदन दिया. 2 जून को गंगपाचो के नायक टोला के एक कुए से युवक के शव को पुलिस ने बरामद किया है. पुलिस के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है. लेकिन जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया है. वह गलत है. घटना में जिनकी भी संलिप्तता पाई जाएगी उसे छोड़ा नही जाएगा. फिलहाल सभी बिन्दुओ पर जांच की जा रही है. प्रे. मिका से भी पूछताछ की जा रही है. शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया है.

# उदयपर में हुई टेलर की निर्मम हत्या बेहद शर्मनाक दोषियों को मिले फांसी की सजा : पुनम यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पूनम यादव

आरजेडी के युवा प्रदेश महासचिव पूनम यादव ने उदयपुर में हुई टेलर की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा की राजस्थान के उदयपुर में हुई टेलर कन्हैयालाल की निर्मम हत्या वाकई शर्मनाक है। मामला तब शुरू हुआ जब कन्हैयालाल के बेटे द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली नूपुर शर्मा के समर्थन में पोस्ट शेयर की थी। लेकिन एक पोस्ट के बदले किसी की भी जान ले लेना किसी भी सूरत में सही नही है। उन्होंने कहा की इन लोगो ने इंसानियत को सारी हदें पार कर दिया है। भारत एक शांतिप्रिय देश है और इस देश में सभी समुदाय के लोग आपस में भाईचारगी के साथ रहते है। इस प्रकार की घटना पर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किया जानी चाहिए, ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृति ना हो।

# लापता

## चलंगा निवासी पोकलेन ऑपरेटर दिलीप पंडित 12 जून से लापता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



दिलीप कुमार पंडित

रानीचुवा पंचायत के चलंगा निवासी दिलीप कुमार पंडित पिता राजेन्द्र पंडित 12 जून 2022 से लापता है। इस बाबत दिलीप पंडित के भाई रवि पंडित ने बताया कि उनका छोटा भाई दिलीप पंडित 06 अप्रैल 2022 को आंध्रप्रदेश के लिए निकला था। 09 अप्रैल को उनसे बात हुई और बताया कि वह करनूल पहुंच गया। 12 जून तक बात हुई है । लेकिन उसके बाद से उनका मोबाइल बन्द आ रहा है। उसके दोस्त से बात करने के बाद बताया कि वह आंध्रप्रदेश नही पहुंचा है। वह सांवला है। उसकी लम्बाई 5 फ़ीट 3 इंच है। शरीर पतला है। किसी तरह की सूचना मिलने पर 9572325994 एवं 7067927539 पर सूचना देने का आग्रह किया गया है।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## इंटरनेशनल पेंटिंग प्रतियोगिता 'विघ्नहर्ता' में हिस्सा ले रहे हैं दुनियाभर के कलाकार जिसमे शहर के टिंकू भी शामिल हैं

### विजेता को मिलेगी 25 हजार रुपए की पुरस्कार राशि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

आर्ट्सक्राफ्ट संस्था की ओर से इंटरनेशनल पेंटिंग प्रतियोगिता 'विघ्नहर्ता' का आयोजन किया गया... इसमें भगवान श्री गणेश पर आधारित चित्रकलाएं बनायी गई... दुनियाभर के कलाकर इसमें गणेश जी के किसी भी नाम, उनसे जुड़ी कथा या प्रसंग को आधार बनाकर चित्रकला प्रस्तुत की



प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 01 जून से रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ और यह 30 जून तक चला ! इस दौरान एक विशेष आर्ट कैंम्प का भी आयोजन किया गया। गुजरात के मशहूर कलाकार कनु पटेल जी की अगुवाई में यह कैंप 19 से 26 जून तक चला। इसमें देशभर के कुल 15 जाने–माने कलाकारों ने इस ऑनलाइन कार्यशाला में हिस्सा लिया! इस प्रतियोगिता का आयोजन रोवा इंटरनेशनल सप्लाई एंड सर्विसेज के सीईओ अजीत राव के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता के दौरान कलाकारों द्वारा बनायी गयी कलाकृतियों के समर्थन में 10 से 15 जुलाई तक अ०नलाइन वो. टिंग होगी। 24 जुलाई को अ०नलाइन वोटिंग और निर्णायक मंडल के वोटों के औसत के आधार पर विजेता की घोषणा की जाएगी। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की जा रही है। पहली श्रेणी 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के लिए है जबकि दूसरी श्रेणी 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए हैं। प्रतियोगिता के सभी विजेताओं के बीच कुल 1 लाख रुपए की राशि बांटी जाएगी। इसमें विजेता को 25 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। दूसरे स्थान के लिए 20, तीसरे स्थान के लिए 15, चौथे स्थान के लिए 10, पांचवें स्थान के लिए 8 और पोपुलर च्वाइस के लिए पांच हजार रुपए की राशि निर्धारित की गयी है। 16 वर्ष से कम आयुवर्ग की प्रतियोगिता के विजेताओं को विशेष ट्रॉफी और प्रमाणपत्र दिया जाएगा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल (जूरी) में देशभर के चर्चित कलाकारों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता के संयोजक अनिल केजरीवाल जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मकसद दुनियाभर में भारत की संस्कृति को प्रसा. रित करना है। यही कारण है कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले कलाकारों से किसी भी तरह की इंट्री फीस नहीं ली गई। इस प्रतियोगिता में भारत ,श्रीलंका ,नेपाल ,थाईलैंड, यू एस ए ,यूनाइटेड अरब अमीरात आदि जगहों से 4 साल से लेकर 84 साल तक के 300 कलाकारों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमे अपने शहर से आर्टिस्ट टिंकू भी इस प्रतियोगिता में भाग लिए हैं।

## खूटवाटांड़ बैजलाडीह सार्वजनिक रोड समतलीकरण को लेकर ग्रामीणो ने उपायुक्त को दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

विजैया पंचायत के खूटवाटांड़ से बैजलाडीह जाने वाली सड़क को कुछ लोगों के द्वारा जेसीबी मशीन से समतल कर आवागमन अवरुद्ध करने के मामले में ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त सौपा है ।आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि खूटवाटांड़ से चौधरी टोला, ठाकुर टोला से होते हुए बैजलाडीह तक सार्वजनिक सड़क है। सड़क की स्थिति खराब है। फिर भी कई गांव के लोग विजैया चौक तक आने में इसी सड़क का उपयोग करते हैं। उक्त सड़क को कुछ लोगों ने जेसीबी से सड़क काटकर बारी बना दिया है। जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि सड़क पक. कीकरण करने की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में इस तरह के सड़क अवरुद्ध करने से ग्रामीणों में रोष है। कभी भी विधि व्यवस्था की समस्या उतपन्न हो सकती है। ग्रामीणों ने तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं सड़क को मुक्त करने की मांग की है। मांग करने वालों में विद्यासागर प्रसाद यादव, संदीप कुमार यादव, रेणु देवी, महादेव यादव, संगीता देवी, रामदुलारी देवी, सबिता देवी, इंद्रदेव यादव, सरिता देवी, रामेश्वर यादव, राजेश यादव, राजकुमार यादव, आशीष कुमार यादव, किशुन यादव, मनोज कुमार, शंकर कुमार, पिंकी देवी, प्रियंका देवी, संतोष यादव, सुमन देवी, कैलाश यादव, आशा देवी, मो कलीम, जुमन अंसारी एवं मिथलेश चौधरी शामिल हैं।

## दो दिनों के अंदर अगर बिजली की समस्या खत्म नहीं हुई तो होगी उग्र आंदोलन : इंद्रदेव यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के युवा समाजसेवी इंद्रदेव यादव ने बिजली की आंख मिचोनी पर कहा की करीब एक सप्ताह से बिजली कभी भी एक घंटे तक नही रह रही है। जिससे लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा की बिजली सही से मिलने के कारण सबसे ज्यादा



समस्या विद्यार्थियों को हो रही है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की बरसात में रात के समय में बिजली नहीं होने के कारण लोगो को घर से बाहर आने जाने में काफी कं. ठनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं उन्होंने कहा की अगर दो दिन के अंदर बिजली समय सीमा से नही मिलती है तो हम सभी ग्रामीण उग्र आंदोलन करने लिए बाध्य हो जायेंगे।






## नवनिर्वाचित प्रमुख व उप प्रमुख का स्वागत समारोह सह निवर्तमान प्रमुख का विदाई समारोह का हुआ आयोजन

### क्षेत्र का चौमुंखी विकास करना पहली प्राथमिकता – प्रमुख

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**

प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में नवनिर्वाचित प्रमुख मंजू देवी व उप प्रमुख खुशबू कुमारी का स्वागत समारोह सह निवर्तमान प्रमुख लीलावती देवी का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, डोमचांच प्रमुख सत्यनारायण यादव, चंदवारा पूर्वी जिप सदस्य महादेव राम, चंदवारा पश्चिमी की पूर्व जिप सदस्य अमृता सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव व अंचलाधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड प्रमुख मंजू देवी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को स०ल देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि जीत और हार एक सतत प्रक्रिया है। जितने भी चुने हुए प्रतिनिधि हैं उनका जनता के प्रति जिम्मेदारी बढ़ गई है उन्होंने कहा कि जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना हम सबों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि समन्वय बनाकर क्षेत्र के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएं। जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने–अपने क्षेत्र की जनता के लिए सजग रहें और उनकी परेशानियों को निदान करने का काम करें।



कार्यक्रम को संबोधित करते जिप अध्यक्ष रामधन यादव

कार्यक्रम के उपरांत प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन प्रमुख मंजू देवी ने किया। उद्घाटन के उपरांत प्रमुख व उपप्रमुख अपने कुर्सी पर पहली बार विराजमान हुई और खुशी का इजहार किया। प्रखंड प्रमुख मंजू देवी ने कहा कि प्रखण्ड व क्षेत्र का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, सड़क समेत अन्य विकास कार्यो की गति को तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों एवं जनप्रति. निधियों से समन्वय स्थापित कर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं शत–प्रतिशत समाज के अंतिम पायदान पर मौजूद व्यक्ति तक पहुंच सके। विकास के काम में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। वहीं उपप्रमुख खुशबू देवी ने कहा कि पंचायत प्रति. निधियों को साथ लेकर प्रखंड क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव,जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी,जिप सदस्य महादेव राम,



प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन करती प्रमुख मंजू देवी

अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल,प्रखण्ड विकास पदा. धिकारी संजय कुमार यादव,पूर्व प्रमुख लीलावती देवी,पूर्व जिप सदस्य अमृता सिंह, उरवा पंचायत समिति सदस्य रामविलास पासवान, पथलगढा पंचायत समिति सदस्य निरु देवी, बेंदी पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, थाम पंचायत समिति सदस्य उमाशंकर रविदास, कांटी पंचायत समिति सदस्य राजकुमार पांडेय, कांको मुखिया श्यामदेव यादव, चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुशवाहा, खांडी मुखिया असगर अंसारी, पिपराडीह मुखिया कल्याणी देवी, विजय वर्णवाल, बिजेंद्र यादव, रामप्रसाद यादव, अशोक सिंह, पूर्व प्रमुख महेंद्र यादव, पिपराडीह के पूर्व मुखिया धीरज कुमार, अज्जू सिंह, राजकुमार यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद मोदी,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका राणा, महेश रजक, टिंकू मोदी, छोटेलाल मोदी, विजय मोदी, रामप्रसाद यादव, कृष्णा यादव, समेत कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अरविंद यादव ने किया।




सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गांडेय विधायक ने किया अमृत सरोवर तालाब का शिलान्यास





**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज शनिवार 02जुलाई को गिरिडीह जिला अंतर्गत गिरिडीह प्रखंड के खावा पंचायत स्थित जगमनरायडीह गांव में केंद्र सरकार द्वारा अमृत महोत्सव पर शुरुआत हुई अमृत सरोवर तालाब निर्माण योजना के तहत अमृत सरोवर तालाब का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में गांडेय विधायक ड०क्टर सरफराज अहमद मौजूद रहे साथ में विशिष्ट अतिथि के रुप में खावा पंचायत के मुखिया मोहन मंडल, पंचायत समिति सदस्य बसंत यादव, गिरिडीह भाग संख्या 37के जिला परिषद सदस्य प्रति. निधी अनवर अंसारी, जेई मनरेगा मनोज कुमार, गिरिडीह प्रखंड कार्यालय के बीपीओ, गिरिडीह प्रखंड प्रमुख मीना देवी मंचासीन थे। स्थानीय लोगों द्वारा सभी अतिथियों को बुके और फूलमाला देकर सम्मानित किया गया। मान सम्मान समारोह के पश्चात अमृत सरोवर तालाब का विधिवत शिलान्यास गांडेय विधायक, मुखिया मोहन मंडल, प्रमुख मीना देवी और जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अनवर अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। खूब बजे बैंड बाजे। शिलान्यास समारोह के सैकडों महिला पुरूष और बच्चें गवाह बने। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक ने कहा कि तालाब का जीर्णोद्धार करीब सोलह लाख रुपए की लागत से कर अमृत सरोवर तालाब का आकार दिया जाएगा। तालाब निर्माण से पूरे गांव को लाभ होगा, पानी की कमी दूर होगी। जो भी संवेदक इस तालाब का निमार्ण कार्य करेंगे उसने जरा सा भी गड़बड़ी किया तो मुझे सुचना दें। ताकि ठोस कार्रवाई किया जा सके। कार्य में पूरी तरह से पारदर्शिता अपनानी होगी संवेदक द्वारा। ग्रामीण भी शांतिपूर्वक कार्य संपन्न कराने में संवेदक का सहयोग करें। समारोह को संबोधित करते हुए मुखिया मोहन मंडल ने गांडेय विधायक को शिलान्यास समारोह में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया और तालाब निर्माण कार्य में पूर्ण सहयोग करने की घोषणा किया। समारोह को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अनवर अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह समाप्ति की घोषणा की। शिलान्यास समारोह में अनवर अंसारी द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। समारोह में शामिल लोगों ने अनवर अंसारी जो कि जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष गिरिडीह सह बीस सूत्री सदस्य हैं के कार्यों और व्यवस्था की जमकर तारीफ किया।

## बज्रपात से सेवा निवृत पारा शिक्षक की मौत गाँव में छाया मातम

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के ग्राम चोंगाखार (भण्डार) निवासी एवं सेवानिवृत पारा शिक्षक विनय शंकर राय पिता धरनी प्रसाद राय उम्र 63 वर्ष की बज्रपात से दुःखद मृत्यु हो गई. विनय शंकर राय धान बीज की बुआई के लिए दोपहर 3 बजे घर से तीन किलोमीटर दूर डोम्बाहीरा खेत गए थे देर शाम तक जब वो घर वापस नहीं लौटे तो परिजन उन्हें ढूंढने निकले जिस दौरान वो खेत में पड़े दिखे. बुआई के दौरान तेज बा. रिश के साथ बज्रपात में उनकी मृत्यु हो गई थी. ग्रामीणों को इस बात की जानकारी मिलते ही खेत पर पहुँचे और गाँव वालों की मदद से शव को खेत से बाहर निकाला तथा एम्बुलेंस के माध्यम से बिरनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित करार दिया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया. शव के गाँव पहुँचते ही मातम छा गया. इनका छात्रों तथा शिक्षकों के प्रति लगाव इस कदर था की घटना की सुचना मिलते ही चोंगाखार उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चे तथा शिक्षक पुष्प अर्पित क़र श्रंद्धांजलि दी. इधर सुचना मिलते ही भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह एवं बिरनी प्रमुख रामू बैठा मृतक के परिजनों से मिलने चोंगाखार गाँव पहुंचे एवं शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को ढाढ़स बंधाया. साथ ही आपदा राहत कोष से मृतक के परिजन को चार लाख के राशि की घोषणा विधायक ने की वहीँ प्रमुख ने इनकी पत्नी को पेंशन सहित हर संभव मदद का भरोषा दिलाया. मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य कमिटी सदस्य विक्रम आनंद रॉय, प्रखंड कमिटी सदस्य पिंटू यादव, पंचायत समिति सदस्य भीखन राय, वार्ड सदस्य कुणाल रंजन राय, प्रकाश यादव, दिलीप दास, अंगिरा राय, कंचन राय, कृष्णानंद राय, सुनील राय, हरकिशोर राय समेत सैड़कों लोग उपस्थित रहे.




## सड़क हादसे में मोटरसाइकिल चालक की मौत

**अपेम लाइवः बिरनी**
**मुमताज अंसारी**



बिरनी प्रखंड के जुठाहाआम से विशुनपुर जाने के दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी जिसमें विशुनपुर निवासी नीरज सोनी 26 वर्ष, पिता अशोक स्वर्णकार गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घायल नीरज को देर रात्रि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी लाया गया। चिकित्सा प्रभारी कुलदीप तिर्की ने प्राथमिक उपचार किया तथा गम्भीर स्थिति देखते हुए रांची रेफर कर दिया। रांची जाने के दौरान रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नीरज को 4 वर्ष का पुत्र तथा डेढ़ वर्ष की पुत्री है। घटना की जानकारी घरवालों को होने पर पूरे परिवार में मातम है। घटना की सूचना पाकर पहुंची मध्य ज०न जिला परिषद सदस्य साजदा खातून पति डॉव सलीम अंसारी कलीम अंसारी राजू अंसारी पहुंच कर मृतक परिवार कर को ढाढस बधायां कहां की हर संभव मदद करूंगी

## आषाढ शुक्ल के पावन अवसर पर सी एम आर स्थित पुरातन शिवालय में रथ यात्रा उत्सव मनाया गया





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर सी एमआर स्थित पुरातन शिवालय में रथ यात्रा उत्सव मनाया गया।मंदिर में भगवान जगन्नाथ,बलराम और सुभद्रा की कास्ठ-विग्रह की पूजा पूरे विधि विधान और मंत्रोचार के साथ नेत्रदान,स्नान के बाद दिव्य श्रृंगार किया गया।आरती के बाद भगवान को भोग अर्पित किया गया। पुजारी सतीश मिश्रा ने बताया कि भगवान जग. न्नाथ 15 दिनों के एकांतवास के बाद भक्तों को दर्शन देने आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को बाहर आते हैं। उनके दर्शन मात्र से मनुष्य जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है।इस रथयात्रा का पुण्य 100 यज्ञों के बराबर होता है।मौके पर मौजूद भक्त भगवान जगन्नाथ,बलराम और सुभद्रा के प्रतीक विग्रह को अपने माथे पर लेकर पूरे गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कराते हुए गांधी चौक स्थित छोटकी कालीमंडा अर्थात मौसी बाड़ी ले जाया गया। जहां भगवान विश्राम करते हुए सात दिनों तक भक्तों को दर्शन देंगे।इसके बाद मंदिर में प्रवेश कर जाएंगे।मौसी बाड़ी में सुबह-शाम तीनों विग्रह की सांगोपांग पूजा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में नागेंद्र मिश्रा,सुशील सुराणा, दीपक यादव,राजेंद्र लाल बरनवाल,अमित मिश्रा, नागमणि सिंह, हरिशंकर तिवारी,बिपिन सहाय,अजीत मिश्रा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## पर्यावरण बचेगा तभी पृथ्वी पर प्राण बचेगा मनोज कुमार डीओ एलआइसी

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



एलआइसी ऑफ इंडिया के डीओ मनोज कुमार ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि पृथ्वी हमारी माँ है और हम उसकी संतान। पेड़-पौधे, जीव-जंतु, सभी स्वच्छ पृथ्वी पर पनपते हैं। माँ की सेहत बिगड़ जाने पर संतान चिंतित हो उठती है। आज पृथ्वी माँ की सेहत बिगड़ गई है। वन-उपवन, ताल-तलैया, नदी-समंदर प्लास्टिक की थैलियों और बोतलों से भरे पड़े हैं। क्या हम वास्तव में चिंतित हैं? या विज्ञान और तकनीकी के एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है। हम घर के वास्तविक विंडो बंद कर माइक्रो स०फ्ट के विंडो खोल स्वस्थ रहने के सरल उपाय ढूंढ रहे हैं। आज मनुष्य स्वयं को सर्वोपरि समझने लगा है। इस समझ के कारण ही मनुष्य को विलासित जीवन जीने की आदत पड़ गई है। खेत-बा. गानों में मेहनत करने वाले कम होते जा रहे हैं और शहर के जिमखानों में पसीना बहाने वाले लोगों की कतार लंबी हो रही है। हम ग्राम्य जीवन की संस्कृति को छोड़ कर नगरीय जीवन के गिरफ्त में चलते जा रहे हैं। मानव-उत्पति के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। पूरे ब्रह्मांड में पृथ्वी को छोड़कर किसी अन्य ग्रह पर जीवन नहीं है, यह जान कर भी हम पृथ्वी और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। क्या सक्षम होने के सही मायने यही हैं? विकास और विलासिता की होड़ में पर्यावरण को नुकसान पहुंचा कर हम अपने अस्तित्व को संकट में डाल रहे हैं। हमारे दैनिक जीवन के उपयोग में लाई जाने वाली अकार्बनिक चीजें जैसे साबुन, सर्फ, टूथ पेस्ट, टूथ ब्रश, सिगरेट, कीट नाशक, फ्रीज़, एसी, क०स्मेटिक, प्लास्टिक आदि सब पृथ्वी और पर्यावरण के लिए खतरा है। जनसंख्या वृद्धि, और भ्रष्टाचार से भी पर्यावरण को भारी क्षति हुई है। पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने की होड़ में अर्थशास्त्र विज्ञान शास्त्र पर भारी पड़ने लगा है। पहले पेड़ काटकर तख्ती बनाते हैं फिर उस तख्ती पर लिखते हैं पेड़ बचाइए। इन सब के दुष्परिणाम जीवन को कुप्रभावित करने लगे हैं वैज्ञानिक अनुसंधानों के अनुसार बढ़ते प्रदूषण के कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, जमीन तेजी से बंजर हो रही है। पेय जल स्तर घट रहा है और समंदर का स्तर बढ़ रहा है। तटीय शहरों पर जलमग्न होने का खतरा मंडराने लगा है। फसल उगाने की किस्में और पैदावार घट रहा है। निकट भविष्य में खाद्य संकट के साथ जल संकट हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। तब हमारी समृद्धि का प्रतीक समझे जाने वाले 5 ट्रिलियन ड०लर की अर्थव्यवस्था के पीछे भागने से ज्यादा जरूरी पर्यावरण बचाना होगा। क्योंकि पर्यावरण पृथ्वी का आँचल है और जंगल पृथ्वी की धड़कन। इसलिए आध्यात्मिक, धार्मिक या फिर स्वाभाविक रूप से पर्यावरण को स्वच्छ बना कर रखना ही होगा। पर्यावरण की सुरक्षा करना किसी एक व्यक्ति या देश की जवाबदेही नहीं है। यह विश्व के सभी देशों का सम्मिलित दायित्व है। पर्यावरण को स्वच्छ व जीवनानुकूल बनाए रखने एवं विश्व के सभी देशों को एक पटल पर लाने के अभियान के रूप में प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। अपनी अगली पीढ़ी को समृद्धि और स्वास्थ्य विरासत में देने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। वन और वन्य जीवों की सुरक्षा करनी होगी। वर्षा जल संचय करना होगा। जहरीले रसायन और धुंआ उगलने वाले कल कारखाने बंद करने होंगे। ठोस ईंधन के उपयोग पर प्रति. बंध लगाना होगा। वैकल्पिक ऊर्जा का सर्वाधिक उपयोग करना होगा। आइए हम अपने हिस्से का कार्य आज से शुरू करें क्योंकि पर्यावरण बचेगा तभी पृथ्वी पर प्राण बचेगा।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गांडेय विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह सदर प्रखंड स्थित खावा पंचायत के जगमनरायडीह में पीसीसी पथ का फीता काट कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में गिरिडीह भाग संख्या 37से जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अनवर अंसारी, खावा पंचायत मुखिया मोहन मंडल सहित दर्जना. धिक महिला, पुरुष मौजुद थे। योजना का नाम चापाकल से राजन बाबू घर तक पीसीसी निर्माण है जिसकी लागत2,01, 800रुपए है। इस योजाना का कार्यकारी एजेंसी– कार्यपालक अभियंता एनआरईपी गिरिडीह है।

## प्रतिमा धाम में समिति का किया गया पूर्णगठन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




प्रतिमा नाथ धाम प्रांगण में समिति पुनर्गठन के लिए शुक्रवार को बुद्धिजीवी संत समाज एवं ग्रामीणों ने रामेश्वर सिंह की अध्यक्षता मे बैठक किया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष खू. बलाल यादव सचिव बलराम शरण कुशवाहा एवं कोषाध्यक्ष रूपनारायण यादव को चुना गया। वहीं समिति के सदस्य के रूप में बसंत निराला, सत्येंद्र रावत ,बैजनाथ यादव, रामदेव विश्वकर्मा, सोमर दास, नागेश्वर यादव, बबलू यादव, राजेंद्र यादव, सहदेव यादव, अशोक यादव को चुना गया। इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष रामेश्वर सिंह थे । उन्होंने कहा कि मंदिर का विकास एवं रखरखाव की चिंता समिति की होती है । आदि समिति ततपरता से काम करे तो मंदिर के विकास कार्य आसानी से हो जाता है। वहीं नव नियुक्त अध्यक्ष खू. बलाल यादव ने कहा समाज ने जिस उम्मीद समिति को चुना है समिति उनकी उम्मीद पर खरा उत. रेगी। समिति सरकार से भी आग्रह करेगी कि मन्दिर प्रंगण में विवाह भवन का निर्माण हो तथा मन्दिर का सौंदर्यीकरण किया जाए। इस अवसर पर रंजीत यादव लालू यादव विष्णु विश्वकर्मा बलराम यादव मोहन साव रामचंद्र यादव संतोष राणा, रामेश्वर सिंह, परमेश्वर भगत, श्याम लाल भगत, नुनमन भगत जितेन साहू राजेंद्र किशोर नाथ सिंह श्याम सुंदर यादव डेगलाल यादव सहदैव यादव भागवत राम भागीरथ यादव विनोद यादव रामजी महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मुखिया रंजीत कुमार ने निशा शु हाउस का उद्घाटन किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




विधायक मोड़ के समीप निशा शू हाउस का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार के कर कमलों से रिबन काट कर किया गया । मुखिया रंजीत कुमार ने कहा कि प्रोपराइटर गुणवत्तापूर्ण सामग्री रखें साथ ही ग्राहकों के साथ प्रेम व्यवहार भी बनाकर रखें। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से निशा शू हाउस के प्रोपराइटर बिंदेश्वरी कुमार, उप मुखिया सत्यदेव कुमार , पूर्वी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सहेश कुमार, किशोर कुमार,सरोज मेहता ,जितेंद्र कुमार दिलीप कुमार अन्य लोग उपस्थित थे।




## बड़कागांव में 10 लोगों की जांच एक कोरोना पॉजिटिव

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : शनिवार को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा कुल 10 लोगों का कोरोना की जांच की गई। जिसमें एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया गया। पिछले कई माह के बाद कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण पुनः एक बार फिर लोग दहशत मे आ गए हैं। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि कोरोना अभी गया नहीं है हम सभी को सचेत रहने की आवश्यकता है। कोरोना वायरस से बचाव के सभी उपाय निरंतर करते रहें। मास्क एवं सैनिटाइजर का प्रयोग नियमित रूप से करते रहें।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में भजन गायन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

### भजन गायन बच्चो में अच्छे संस्कार उत्पन्न करने में सहायक होती है : नितेश कुमार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोइया धमना में शबलनीवार को के सीसीए के तहत भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा में पहला से पचमा के छात्र छात्राओं में कक्षा पांचवा से दीपेश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा दूसरा से परी कुमारी और कक्षा पहला से आलोक राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं सीनियर सेक्शन कक्षा आंठवा से कृष्णा कुमार और कक्षा दसवां से नेहा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवां की छात्रा करीना कुमारी, ज्योति कुमारी, कक्षा छठा से जैनब परवीन कक्षा से प्रीति ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया नन्हे–मुन्ने बच्चों ने गायत्री मंत्र, तुम ही हो माता पिता तुम ही हो, छोटी–छोटी गैया छोटे–छोटे ग्वाल, गणेश जी की आरती, मूल मंत्र, बम बम भोले, रघुपति राघव राजा राम, सांवली सूरत पे मोहन, हम कथा सुनाते, ओ कान्हा अब तो मुरली की, सहित कई भजन सुनाए बच्चों ने अपनी प्यारी भाषा में भजन सुना कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नितेश कुमार ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता बच्चे में अच्छे संस्कार उत्पन्न करने में सहायक होती है। उन्होंने बच्चों को इस तरह से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय निदेशक टुकलाल साव, सलाहकार राजेंद्र प्रसाद, शिक्षक अजय कुमार, नरेश कुमार, मोहम्मद दाऊद, शिक्षिकाओं में विभा शर्मा, सरिता कुमारी, डिंपल कुमारी, सविता कुमारी, प्रियंका कुमारी, कोमल कुमारी, कविता कुमारी, कल्पना कुमारी, शीला कुमारी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिए।

## भारतीय जनता पार्टी कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही धनबाद रोड में स्थित एनएचआईबी भवन में शनिवार को भाजपा मंडल कार्यसमिति का बैठक किया गया । बैठक की अध्यक्षता अमित साहू एवं संचालन उपाध्यक्ष नवलकिशोर सिंह ने किया। बैठक में पार्टी को मजबूत करने को लेकर चर्चा किया गया और भाजपा के आने वाले कार्यक्रमों का रूप रेखा तैयार किया गया। मौके पर उदयभान नारायण सिंह, सासंद प्रति. निधि अर्जुन साव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, किशुन यादव बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, भगवान केशरी, जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, नवलकिशोर सिंह मंडल उपाध्यक्ष, एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, इंद्रदेव ठाकुर, प्रद्युमन सिंह एवं चंद्रभानु प्रताप सिंह मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ0 अनिल कुमार

दिनांक: 02-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर



## जी. एस. पब्लिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस, दी गयी बच्चों को निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**




जी. एस. पब्लिक स्कूल परिसर में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 1 जूलाई को विद्यालय में आये शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मणिकांत गुप्ता एवं उनके टीम से आये सहयोगी के द्वारा बच्चों को निशुल्क स्वास्थ चिकित्सा दिया गया एवं संबंधित बच्चों का इलाज कर उन्हें संबंधित रोगों के उचित दवाइयों की परामर्श दी गयी। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष श्री प्रदीप सिंह ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर आए डॉ मणिकांत गुप्ता को बुक्के देकर उनका स्वागत किया एवं उन्हें आभार व्यक्त की साथ ही साथ बच्चों को अपने आशीर्वचन में अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। मौके पर मौजूद विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने डॉ. मणिकांत गुप्ता को मोमेंटो भेंट कर उन्हें राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों के बीच चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में कहा कि भारत मे पहली बार ष्डॉक्टर्स डेष 1 जुलाई 1991को मनाया गया था,और ये एक महान चिकित्सा, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेवक एवं भारत रत्न डॉ. विधान चंद्र रॉय की याद में मनाया जाता है, उनकी सहभागिता स्वास्थ्य डोमेन में बहुत सराहनिय रही है। वें एक फिजिशियन के साथ-साथ एक अच्छे शिक्षक, समाज सेवक एवं स्वंतत्रता सेनानी के रूप में भारत मे अपनी विशेष भूमिका निभाई है। डॉ. विधान चंद्र बतौर एक मुख्यमंत्री के पद पर पश्चिम बंगाल में 14 वर्ष तक अपनी अहम भूमिका निभाई।उनकी जीवन बहुत ही प्रेरणादाई है। उपस्थित उप-निदेशक नीरज कुमार ने भी बच्चों को संबोधित किया उन्हें निःशुल्क चिकित्सा से सम्बंधित जानकारी दी। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने अपने संबोधन में डॉक्टर्स को उनके निःस्वार्थ भाव से काम करने के तरीके को सराहा और सबो को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन ने डॉ. मणिकांत गुप्ता का स्वागत किया एवं विद्यालय में अपना बहुमूल्य समय देने के लिए उन्हें अपना धन्यवाद प्रकट किया। मंच संचालन में शिक्षक राघव सिन्हा की प्रस्तुति सराहनीय रही। कार्यक्रम में एकेडेमिक हेड महेश कुशवाहा, अकॉउंटेन्ट गुलाब चंद साहा, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं में आशीष कुमार, ललित मेहता, शिवपूजन मोदी, जितेंद्र कुमार,मो. इलियास, राजीव मिश्रा, शुभम कुमार, निरंजन कुमार सुनील शर्मा, दिगंबर पांडे, रामलखन पासवान, मो. नवाज, अनुज सिंहा, रवि कांत रवि, सुशीला कुमारी,नेहा भरतपुरिया, आरूषी कुमारी, काजल कुमारी,अनिता कुमारी,नेहा पंडित, काजल साह, रूबी कुमारी, गुड़िया कुमारी,स्ने. हलता सिन्हा, मंजू सिंह, शमा परवीन, लक्ष्मी कुमारी, सुनीता बारा, नैना कुमारी,अर्चना कुमारी,नेहा रजक, ममता सिन्हा, अंजलि रजक, प्रीति प्रिया, मेहनाज परवीन, सभी शामिल हुए।

## साँढ़ में पेंशन योजना को लेकर शिविर का आयोजन

### पेंशन के लिए 32 फॉर्म जमा किए गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : सांढ़ पंचायत सचिवालय में पेंशन योजना को लेकर शिविर का आयोजन किया गया । अध्यक्षता मुखिया सुलेखा कुमारी ने किया । शिविर में मुख्य रुप मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना , मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना ,स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वालंबन प्रोत्साहन पेंशन ,एचआईवी -ए आईडीएस पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना से संबंधित लोगों को जानकारी दी गई। एवं कई लोगों ने फ०र्म जमा किया। जिसमें चार विधवा पेंशन आवेदन एवं 28 वृद्धा पेंशन का आवेदन प्राप्त हुआ।मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी,पंचायत सेवक अर. विंद कुमार कोशिक, पूर्व मुखिया भीखन महतो, रोजगार सेवक संदीप कुशवाहा ,वार्ड सदस्य टे. कलाल कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य सह वर्तमान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आनंद कुमार पासवान, छोटू महतो एवं देवेंद्र कुमार ,जोगिंदर कुमार ,तपेश्वर कुमार अजय कुमार के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिला मुख्यालय के पपरवाटांड़ में भाकपा माले विरोध प्रदर्शन को लेकर मैराथन बैठक

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह जिला अंतर्गत सदर प्रखंड स्थित परसाटांड़ पंचायत के हरिचक में माले के जिला सचिव पुरण महतो के अगुवाई में बैठक की गई,ज्ञात हो 4 जुलाई को बालू,कोयला,ढिबरा,गिट्टी आदि पर सरकार का निष्क्रिय सोच के बारे चर्चा हुँई,संगठन विस्तार को भी लेकर बैठक हुई। सचिव ने कहा कि पूरे जिले से माले लीडर व समर्थक के साथ साथ इस कार्य से जुड़े कई आव अवाम का भी जुटान होगा,पुरण महतो ने कहा की राज्य और केंद्र सरकार लगातार जनता के साथ धोखा दे रही है,इस कार्य मे लगने वाले मजदूर परेशान है,क्रेसर तोड़ा जा रहा है,ट्रैक्टर पकड़ा जा रहा है किंतु टेंडर नहीं किया जा रहा है। बैठक में गिरिडीह विधानसभा के प्रभारी रा. जेश सिन्हा ने कहा कि सरकार मजदूर के साथ खड़ी नहीं है बल्कि जिनका पॉकेट गर्म है उसके साथ है दोनो सरकार, बालू,गिट्टी,ढिबरा, कोयला से लाखों का परिवार चलता है, उसको भी सरकार प्रशासन के बदौलत बंद करना चाहती है,सरकार की मनसा होती तो,गरीब पर छापेमारी नहीं करती। जिला कमिटी सदस्य प्रीति भास्कर ने कहा कि हम गरीबो के साथ,हरेक मोड़ पर हम खड़ा मिलेंगे,बैठक में मुख्य रूप से निशान्त भाष्कर, न०साद अहमद चाँद,सनातन साहू, मनीष वर्मा,नासिर शेख, शमीम शेख,मो मज़बूल,मो सरफ़राज़ ,नॉसाद, मनबुल मलिक, मो सौकत अली,उमेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## समकालीन अभियान के दौरान चार आरोपी धराये

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने शनिवार को समकालीन अभियान के दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत के विभिन्न कांडों में वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियो के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया। जिसमें अभियुक्त बंदखारो निवासी कैलाश महतो पिता बलदेव महतो व प्रकाश मंडल उर्फ ओमप्रकाश पिता रामेश्वर साव, बगोदर के बेलदारी टोला निवासी छोटी साव उर्फ हीरा प्रसाद साहू पिता सरजू साव तथा वारंटी अभियुक्त जोबर के जामुनटांड़ निवासी जीवाधन महतो उर्फ शंकर उर्फ जटाधारी पिता रितु महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## उत्तम कुमार महतो बने विष्णुगढ़ मुखिया संघ के अध्यक्ष

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


मुखिया संघ के बैठक में मौजूद मुखियागण

विष्णुगढ़ में शनिवार को होटल अतिथि सत्कार में मुखिया संघ के पुनर्गठन को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उत्तम कुमार महतो व संचालन निर्मल कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से सारुकुदर पंचायत के मुखिया उत्तम कुमार महतो को मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोनीत किए गए। इसके अलावा निर्मल कुमार सचिव, आशा देवी उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर पटेल कोषाध्यक्ष मनोनीत गए। बैठक में प्रस्ताव लिया गया कि पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक की पंचायत में उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। बैठक में अन्य कई मुद्दों से संबंधित कई प्रस्ताव लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया राजेंद्र कुमार मंडल, दुलार. चंद पटेल, विनय कुमार दास, रामचंद्र यादव, राजेश प्रसाद, मोतीलाल महतो, ननकु महतो, हेमंती देवी, लक्ष्मी कुमारी, मुनिया देवी, कुंती कुमारी, रीता कुमारी, कुंवर हासदा, कलावती देवी, चेतलाल महतो उप. स्थित थे।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार